हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 1 सितंबर 2025


तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 21.1 डिग्री


10 शिविर में 103 युवाओं ने किया रक्तदान पूर्व ...





10 साइक्लोथॉन के जरिए युवाओं ने लगाया शहर का चक्कर




## खबर संक्षेप

### स्कूल का ताला तोड़ चुराया मिड डे मील का सामान

**यमुनानगर**। चोरों ने गांव मोहड़ी के राजकीय स्कूल का ताला तोड़कर मिड डे मील का सामान चोरी कर लिया गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। स्कूल के टीचर धर्मवीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 29 अगस्त को स्कूल से छुट्टी के बाद घर चला गया था। अगली सुबह जब वह स्कूल में आए तो रसोई का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर रसोई से तीन गैस सिलेंडर, 80 किलो चावल तथा अन्य सामान गायब मिला।

### पत्नी के साथ मारपीट करने पर पति पर केस

**यमुनानगर**। थाना प्रतापनगर क्षेत्र की महिला ने पति पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को इसकी शिकायत दी। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि उसका पति अश्वनी उससे अक्सर मारपीट करता है। कई बार उसे रिश्तेदारों ने भी समझाया, पर वह नहीं माना। इसके बाद भी मारपीट करता रहा।

### महिला और पुत्रवधू के साथ छेड़छाड़ का आरोप

**यमुनानगर**। थाना व्यासपुर क्षेत्र के एक गांव में व्यक्ति ने एक महिला और उसकी पुत्रवधू के साथ मारपीट व छेड़छाड़ की। आरोपी पर जाति सूचक शब्द बोलने का भी आरोप है। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार व्यासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार रात गांव का ही रहने वाला दीपचंद बिना किसी कारण के उनके साथ अभद्रता करने लगा। उसने एतराज किया तो दीपचंद ने जातिसूचक शब्द कहते हुए अपमानित किया। लेकिन जब महिला ने ऐसा करने से मना किया तो आरोपी दीपचंद आपे से बाहर हो गया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

### हथियार रखने पर दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला**। थाना पड़ाव के हुडा पार्क सेक्टर-34 के पास से अवैध हथियार रखने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी बाबू को अवैध हथियार देसी कट्टा व जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए-2 ने बताया कि 30 अगस्त 2025 को सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध हथियार लेकर हुडा पार्क सेक्टर-34 के पास किसी के इंतजार में खड़ा है। तभी पुलिस ने रेड कर आरोपी को काबू किया। एक अन्य मामले सीआईए-1 ने छावनी के दशहरा ग्राउंड के पास से अवैध हथियार रखने के आरोप में वंश उर्फ खोबा को काबू किया है। उससे अवैध देसी कट्टा बरामद किया। दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला**। थाना अंबाला छावनी में दर्ज लडाई-झगडा करके चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी आदित्य को गिरफ्तार किया है। रामपुर के आकाश ने 29 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि एसडी कॉलेज के पास आरोपी आदित्य ने उसके साथ लडाई-झगड़ा करके सिर में ईंट मारकर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी।

### पानीपत: अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत**। ट्रैक्टर चालक सतीश का अपहरण कर मारपीट करने मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी धर्मबीर निवासी गांव उद्देशीपुर जिला सोनीपत को थाना इसराना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रभारी महीपाल ने जानकारी दी है।

**ब्रह्मसरोवर पर कार्यक्रम:** राष्ट्रीय खेल दिवस पर कुरुक्षेत्र में साइक्लोथॉन का आयोजन

# युवा खेल को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं: मुख्यमंत्री

### हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को किया नमन

*सीएम ने युवाओं को नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नशा ऐसी बुराई है, जो व्यक्ति को ही नहीं, पूरे परिवार-समाज को खोखला कर देती है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर करता है।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेल को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं और हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की तरह अनुशासन, मेहनत और समर्पण के मार्ग पर चलें। उन्होंने वर्ष 2036 के ओलम्पिक खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों द्वारा सबसे अधिक मेडल जीतने के लिए प्रेरित भी किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को ब्रह्मसरोवर पर हरियाणा खेल विभाग की तरफ से हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रमों के समापन अवसर पर आयोजित साइक्लोथॉन कार्यक्रम में युवाओं को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्रमदान करके स्वच्छ कुरुक्षेत्र, मेरा कुरुक्षेत्र, मेरा अभिमान का शुभारम्भ किया। हरियाणा के खेल विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में साइक्लाथोन और स्वच्छता को जोड़कर युवाओं को स्वच्छ और स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया गया।



कुरुक्षेत्र। सफाई अभियान का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

### 2036 के ओलम्पिक खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों को जीतने हैं सर्वाधिक मेडल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खिलाड़ियों की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी वर्ष 2036 के ओलम्पिक खेलों में भारत को खेल महाशक्ति बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने उन खेलों को भारत में करवाने का संकल्प भी व्यक्त किया है। मुझे विश्वास है कि उस समय आप जैसे हरियाणा के खिलाड़ी सबसे अधिक पदक जीतकर देश का नाम रोशन करेंगे। इसके लिए हम पहले से ही तैयारियां शुरू कर चुके हैं। हमारा सपना है कि हरियाणा का हर गांव-हर शहर एक ऐसा खिलाड़ी दे, जो विश्व मंच पर भारत का परचम लहराए। राज्य सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज हरियाणा को खेलों की नर्सरी कहा जाता है। प्रदेश के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। चाहे वे ओलंपिक खेल हों, एशियाई खेल हों या राष्ट्रमंडल खेल हों, हरियाणा के खिलाड़ियों ने हर मोर्चे पर तिरंगे को ऊंचा फहराया है।

### सीएम ने मेरा कुरुक्षेत्र, मेरा अभिमान वेबसाइट भी लांच की

मुख्यमंत्री ने साइक्लाथोन में हिस्सा लेने से पूर्व मेरा कुरुक्षेत्र, मेरा अभिमान वेबसाइट भी लांच की जिस पर कुरुक्षेत्र के लोग स्वच्छता से संबंधित फोटो अपलोड करके अपने सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकते हैं। मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस 29 अगस्त को हर वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस बार भारत सरकार द्वारा मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर 29 अगस्त से लेकर 31 अगस्त तक तीन दिन खेल से सम्बन्धित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उन्होंने मेजर ध्यानचंद को नमन करते हुए कहा कि मेजर ध्यान चन्द हमारे युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

### मेजर ध्यान चन्द भारत माता के महान सपूत थे

ध्यान चंद के जन्मदिन 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में इसलिए मनाया जाता है, ताकि हमारे खिलाड़ी उनके जैसी लगन और मेहनत करके वैसी ही उपलब्धियां प्राप्त करने के लिए प्रेरित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेजर ध्यान चन्द भारत माता के महान सपूत थे। उनके नेतृत्व में भारतीयों ने हॉकी का स्वर्णिम इतिहास रचा। इसके फलस्वरूप हॉकी को राष्ट्रीय खेल का दर्जा मिला। उन्होंने भारतीय हॉकी टीम को उन बुलंदियों पर पहुंचाया, जिनसे हमने तीन बार ओलम्पिक स्वर्ण पदक जीते। यह किसी भी राष्ट्र के लिए गौरव की बात है।

### खेल विभाग की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी

खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल के आयुक्त संजीव वर्मा ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए खेल विभाग की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी और सरकार की खेलों से सम्बन्धित आगामी योजनाओं पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि आज खेलों के क्षेत्र में हरियाणा का नाम पूरे विश्व में सम्मान के साथ जाना जाता है। इस प्रदेश के खिलाड़ियों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर हरियाणा में एक नई पहचान बनाई है। उपायुक्त ने सीएम को स्वच्छ कुरुक्षेत्र मेरा कुरुक्षेत्र मेरा अभिमान में श्रमदान कर सहभागी बनने का प्रमाण पत्र भी सौंपा है।

## मंदिर से नकदी सहित पांच चांदी के छत्र चोरी

**लाडवा**। लाडवा-रादौर मार्ग पर स्थित माता शाकुम्भरी देवी मंदिर में रात्रि चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मंदिर से एक बड़ा गल्ला व पांच चांदी के छत्र लेकर फरार हो गए। मंदिर समिति के प्रधान सुमित गर्ग ने बताया कि शनिवार रात दो नकाबपोश चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। मंदिर भवन से विशाल गल्ला उठाकर साथ ले गए, जिसमें सावन माह के चलते अनुमानत 15 हजार से अधिक की राशि हो सकती है। सामान्यत मंदिर के गल्ले से हर माह 12 से 15 हजार रुपये तक की राशि निकलती है, लेकिन इस बार श्रद्धालुओं की अधिक संख्या के कारण राशि अधिक होने का अनुमान है। सब इंस्पेक्टर मूलचंद ने डॉग स्क्वाड की मदद से छानबीन भी की, अभी तक चोरों का सुराग नहीं मिल पाया है।

■ दो नकाबपोश चोर सीसीटीवी में कैद हुए

## 10 हजार का इनामी अंतरराजीय नशा तस्कर गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र**। हरियाणा एनसीबी की कुरुक्षेत्र यूनिट ने एक दिवसीय ऑपरेशन आक्रमण के तहत कार्यवाही करते हुए 10 हजार रुपये के इनामी अंतराजीय नशा तस्कर को एसटीएफ बहादुरगढ़ की सहायता से गिरफ्तार करने के साथ साथ अन्य मामले मे 1 किलो 50 ग्राम गांजा सहित नशा तस्कर को गिरफ्तार किया। यूनिट कुरुक्षेत्र के सहायक उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार की टीम ने एसटीएफ बहादुरगढ़ की सहायता से जगदीश उर्फ जग्गा पुत्र भैरूलाल निवासी गांव नारायणपुरा, थाना भींडर, जिला उदयपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया है।

■ 1.50 किलो गांजा बरामद

## प्लाई से भरा ट्रक डिवाइडर से टकराने के बाद पलटा



**लाडवा**। लाडवा-राढौर मार्ग पर गांव बन मोड़ के नजदीक एक प्लाई से भरा ट्रक डिवाइडर से टकराने के कारण पलट गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। ट्रक चालक देवेंद्र यादव ने बताया कि वह यमुनानगर से प्लाई लादकर मध्यप्रदेश जा रहा था। अचानक गांव बन मोड़ के पास एक मोटरसाइकिल सवार ट्रक के आगे आ गया। उसे बचाने के प्रयास में ट्रक डिवाइडर से टकरा गया और पलट गया। सौभाग्य से बाइक सवार और चालक दोनों सुरक्षित बच गए, लेकिन ट्रक में भरी प्लाई सडक पर बिखर गई।

**आरोपी के खिलाफ किया केस**

### स्पेन में वर्क वीजा पर भेजने के नाम पर व्यक्ति से हड़पे पांच लाख रुपये

**यमुनानगर**। बेटे को स्पेन में वर्क वीजा पर भेजने के नाम पर थाना छप्पर क्षेत्र के गांव गढ़ी गोसाई निवासी कर्मचंद से पांच लाख रुपये की ठगी हो गई। मामले में थाना छप्पर पुलिस ने कर्मचंद की शिकायत पर सुमित नाम के व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में गांव गढ़ी गोसाई निवासी कर्चचंद ने बताया कि उसका बेटा मोहित पढ़ाई के बाद विदेश में नौकरी करना चाहता था। इसके लिए उसने जान पहचान के सुमित वर्मा से बात की थी, जिसने बताया था कि वह लोगों को वर्क वीजा पर विदेश भेजने का काम करता है। सुमित ने कहा कि वह उनके बेटे को वर्क वीजा पर स्पेन भेज देगा। जहां उसकी पहचान होने से जल्द काम भी मिल जाएगा। सुमित पर भरोसा कर एक अप्रैल 2023 को उसे बेटे को स्पेन भेजने के नाम पर पांच लाख रुपये दिए।

**रंजिश रखने का आरोप में वारदात**

### जीरी के खेतों में मृत मिले युवक के मामले में चार युवकों के खिलाफ केस

**यमुनानगर**। व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव रामखेड़ी के नजदीक धान के खेतों में मृत मिले गांव फेरुवाला निवासी मनोज के मामले में पुलिस ने उनके गांव के ही चार युवकों पर हत्या करने के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह मामला मृतक के चचेरे भाई शुभम की शिकायत पर दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि चारों आरोपी मनोज से रंजिश रखते थे। आरोपियों ने मनोज को पहले भी जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। गांव फेरूवाला निवासी शुभम ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके ताऊ का लड़का मनोज शादीशुदा था। मगर तीन साल पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। इसके बाद से मनोज मेहनत मजदूरी करता था। उसके ताऊ की भी करीब 10 साल पहले मौत हो गई थी।

**जल्द खुलासा** : अंबाला छावनी में दर्ज हत्या के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार, अब हो रही है गहनता से पूछताछ

## सीआईए को मिली बड़ी कामयाबी ब्लाइंड मर्डर की सुलझी गुत्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीआईए टू ने ब्लाइंड मर्डर की गत्थी सुलझा ली है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को काबू किया है। अब आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। थाना अंबाला छावनी में दर्ज तेजदार हथियार से हत्या करने के मामले में सीआईए-2 बोह के पारसनगर वासी मुख्य आरोपी सर्बजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के लिए आरोपी को पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-2 निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि दिलीपगढ़ केक सत्यजीत सिंह ने 15 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि रात को बाल भारती स्कूल वाली गली चुंगी के पास आरोपी ने तेजदार हथियार से उसके भाई सुरजवीर की हत्या कर दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर किया था। शुरूआती जांच में पुलिस हत्यारे को नहीं तलाश पाई थी। तब मामले की गम्भीरता को देखते हुए केस की जिम्मेवारी सीआईए-2 को सौंपी गई। सीआईए-2 ने जांच के दौरान अब मुख्य आरोपी को गिरफ्तार सर्बजीत सिंह को काबू कर लिया। पुलिस द्वारा मामले की जांच गहनता से की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले में संलिप्त दूसरे आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। इस मामले में जल्द ही हत्या की वजह का खुलासा होने की बात कही जा रही है।



अंबाला। पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी सर्बजीत सिंह।



### हथियारों के साथ तीन बदमाश पकड़े

**पानीपत**। पानीपत पुलिस की सीआईए वन की टीम ने शनिवार देर रात बदमाशों के मंसूबों को नाकाम करते हुए दिल्ली पैरलल नहर बुड़शाम मोड़ पर तीन बदमाशों अजय पुत्र सतबीर, प्रवीन पुत्र रामकरण निवासी गांव गुढायन जिला रोहतक व विकास पुत्र रामफल निवासी गांव रिढाणा जिला सोनीपत को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से दो देसी पिस्तौल, तीन मैग्जीन, 14 जिंदा कारतूस, दो चाकू व एक स्कूटी बरामद की है। सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों से खुलासा हुआ तीनों आरोपी अवैध हथियारों से लैस होकर समालखा थाना क्षेत्र में किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने कि फिराक में आए थे।

**आक्रोश** | भाजपा की ओर से छावनी में निकाला गया रोष मार्च

## प्रधानमंत्री मोदी की मां का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा हिंदुस्तान: विज

*देश से माफी मांगें राहुल गांधी और तेजस्वी यादव*

■ बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम की मां पर अभद्र टिप्पणी की गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पीएम नरेंद्र मोदी की माता पर अभद्र टिप्पणी किए जाने पर रविवार को अंबाला छावनी में भाजपा की ओर से रोष मार्च निकाला गया। इस रोष मार्च की अगुवाई मंत्री अनिल विज ने की। इस दौरान उन्होंने नेता विपक्ष राहुल गांधी व आरजेडी नेता तपस्वी यादव पर बड़ा हमला किया। मंत्री विज ने कहा कि पीएम मोदी की मां का अपमान हिंदुस्तान बर्दाश्त नहीं करेगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी व आरजेडी नेता तेजस्वी यादव जब तक सारे देश से कान पकड़कर माफी नहीं मांगते तब देश संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने कहा कि देश किसी भी हालत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा। यह उनकी (प्रधानमंत्री) मां का नहीं हर महिला का अपमान है।




अंबाला। सड़कों पर रोष मार्च निकालते भाजपा नेता व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए

विज के नेतृत्व में दोपहर बड़ी संख्या में एकत्रित हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस व आरजेडी नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए बाजारों में जुलूस निकाला। विज के साथ कार्यकर्ताओं ने मोदी की मां का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान" व "राहुल गांधी मुर्दाबाद" के नारे लगाए। विरोध प्रदर्शन करते हुए जुलूस निकलसन रोड स्थित भाजपा कार्यालय से प्रारंभ हुआ जोकि सदर बाजार चौक, बजाजा बाजार, सब्जी मंडी, हनुमान मार्केट, पुल चमेली, केसरा बाजार, कबाड़ी बाजार होते हुए वापस निकलसन रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर संपन्न हुआ।

### राहुल गांधी की चुपी से सहमति की मोहर लगा दी

कांग्रेस के अंदर की जो मानसिकता है वह खुलकर सामने आ गई। राहुल गांधी ने चुप रहते हुए इसपर अपनी सहमति की मोहर लगा दी। देश तब तक संघर्ष करता रहेगा जब तक राहुल गांधी और तेजस्वी यादव कान पकड़कर देश से माफी नहीं मांगते। विज ने कहा कि कांग्रेस और आरजेडी ने राजनीति का स्तर इतना गिरा दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनकी माता जी के लिए सरेआम मंच से गालियां दी गई। यह गालियां राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के मंच से दी गई। गाली किसी ने भी दी हो मगर दायित्व दोनों नेताओं का था जिनका मंच था और जिन्होंने रैली करनी थी।

### ये कार्यकर्ता मौजूद रहे

इस अवसर पर भाजपा नेता सोम चोपड़ा, बलविंद्र शाहपुर, संजीव सोनी, सुरेंद्र बिंद्रा, बीएस बिंद्रा, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, विकास बहगल, प्रवेश शर्मा, आशीष अग्रवाल, रामबाबू यादव, राजू बाली, रमन छतवाल, आरती सहगल के अलावा भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्टेट यूनिवर्सिटी में सहायकों के ग्रेड पे बहाल करने वाली याचिका की सुनवाई 7 अक्टूबर को

**कुरुक्षेत्र**। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी सहित 4 अन्य यूनिवर्सिटियों के सहायकों के 3600 ग्रेड पे बहाल किए जाने के केस की अब 7 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट की डबल बैंच में सुनवाई होगी। यह याचिका हाई कोर्ट में 2015 में दायर किए जाने से लेकर अब तक काफी संख्या में सहायक रिटायर हो चुके है। उल्लेखनीय हैं कि निदेशक हायर एजुकेशन हरियाणा सरकार ने 20 सितंबर 2014 को एक नोटिफिकेशन जारी कर सभी यूनिवर्सिटियों में कार्यरत सहायकों की ग्रेड पे 3600 रुपए से घटा कर 3200 कर दी थी। हरियाणा सरकार के उपरोक्त निर्णय के खिलाफ जब लिखित ज्ञापन और विरोध प्रदर्शन बेअसर रहे, तो कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, चौधरी देवी लाल यूनिवर्सिटी एवं भगत फूल सिंह महिला यूनिवर्सिटी के प्रभावित कर्मचारियों ने हाई कोर्ट का रुख किया।

सुप्रीम कोर्ट की डबल बैंच में होगी सुनवाई

## खबर संक्षेप



### भजनों से साध संगत को भाव विभोर किया

**यमुनानगर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संकीर्तन कार्यक्रम में साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने परमात्मा प्रेम के अलौकिक महत्व से अवगत करवाया गया। मौके पर साध्वी बहनों ने सुमुधर भजनों के माध्यम से साध संगत को भाव विभोर कर दिया। साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने फरमाया कि परमात्मा और प्रेम एक दूसरे के पूरक हैं। प्रेम परमात्मा की अभिव्यक्ति है और परमात्मा प्रेम का अलौकिक अनुभव है।



### खिलाड़ियों को नशा नहीं करने की शपथ दिलवाई

**यमुनानगर।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण ,मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मेजर ध्यानचंद भारतीय खेल जगत का वह नाम है। जिन्हें पूरी दुनियां में हॉकी का जादूगर कहा जाता है। उन्होंने उक्त शब्द रविवार को जिला खेल विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा तेजली खेल परिसर में आयोजित खेल दिवस कार्यक्रम में कहे। मौके पर जिला प्रशासन व भाजपा नेताओं ने उन्हें फूलमालाएं पहनाकर एवं बुक्के देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने खिलाड़ियो को नशा नहीं करने की शपथ भी दिलवाई। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि यदि बच्चों को खेलों से लगाव होगा तो वह नशे जैसी बुराई से दूर रह सकता है। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद (उतरप्रदेश) में हुआ था।

## नगर निगम रात 10 से 12 बजे तक चलाएगा सफाई अभियान

# सड़कों व गलियों में रखे सामान को नगर निगम करेगा अब जब्त

### ट्विन सिटी को सुंदर व स्वच्छ रखने के लिए उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत अब ट्विन सिटी की हर सड़क और गली को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। सड़कों और गलियों में दुकान, घर, कार्यालयों व होटल आदि के बाहर कुछ भी सामान रखा मिला तो नगर निगम द्वारा उसे जब्त किया जाएगा। इसके लिए नगर निगम द्वारा रोजाना रात को 10 बजे से 12 बजे तक विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया है।

उक्त जानकारी नगर निगम यमुनानगर के सेनिटेशन अधिकारी एचसीएस अनिल यादव ने दी।

सेनिटेशन अधिकारी एचसीएस अनिल यादव ने बताया कि निगम की टीम को सड़क और गली में जो भी सामान मिलेगा। उसे उठाकर निगम की गाड़ी में डाल कर जब्त किया जाएगा। उन्होंने सभी शहरवासियों से अपनी दुकानों और घरों के बाहर सड़क या गली में कोई भी सामान जैसे रेहड़ी, बोर्ड, पुराना मेज, कुर्सी, सरिया, गार्डर, ईंट, रेत व बजरी आदि को स्वयं उठा कर अपने घर या अन्य स्थान पर रख रख लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि निर्माण कार्य खत्म होने के बाद भी कोई निर्माण सामग्री सड़क या गली में पड़ी है तो उसे भी उठा लें। यदि निगम को कुछ भी सामान सड़क या गली में मिला तो उसे जब्त किया जाएगा।



**यमुनानगर।** चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान के तहत सड़क पर रखे सामान को उठाकर निगम के वाहन में भरते हुए निगम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### हर नाले व नाली की सफाई हो

*सेनिटेशन अधिकारी एचसीएस अनिल यादव ने कहा कि हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत शहर को सुंदर, साफ व स्वच्छ बनाने के लिए निगम अनेक प्रयास कर रहा है। शहर में विशेष सफाई अभियान, अतिक्रमण हटाओ अभियान, सड़कों के डिवाइडर को सुंदर बनाने व हर नाले व नाली की सफाई करने का कार्य किया जा रहा है। शहर को कचरा मुक्त और अतिक्रमण मुक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में सहयोग किए जाने की अपील की।*

## प्राचार्य प्रो. एसके सिंह ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में छात्रा नेहा ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



**यमुनानगर** । ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय रादौर में योगाभ्यास करते हुए विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में योग एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एसके सिंह ने योग व खेल प्रतियोगिता का रिबन काटकर शुभारंभ किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एसके सिंह ने बताया कि लड़कियों की बैडमिंटन प्रतियोगिता में नेहा प्रथम, मनु द्वितीय व बलप्रीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि खेल हमें शारीरिक रूप से मजबूत व मानसिक रूप से सन्तुलित रखते हैं। हमारे जीवन की नकारात्मक ऊर्जा को दूर करते हैं।

#### योग मुद्राओं की जानकारी दी

उन्होंने योग मुद्राओं के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी। योग प्रशिक्षक शिव कुमार ने बताया कि इन योग मुद्राओं का हमारे शरीर पर क्या प्रभाव पड़ता है। वहीं, महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा के एसोसिएट प्रोफेसर सतपाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उनका विभाग विद्यार्थियों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा।

# पीएम मोदी का कार्यक्रम सुना

### बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं और सनागरिकों में नई ऊर्जा का संचार हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला की चारों विधानसभा क्षेत्रों में सैंकड़ों बूथों पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने दावा जताया कि इन कार्यक्रमों में हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने उमंग व उत्साह से प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना और उस पर मनन किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि जिला की चारों विधानसभा क्षेत्रों में सैंकड़ो बूथों पर कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।

उन्होंने यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र के शक्ति केंद्र हरबंसपुरा के बूथ नं 158 पर कष्ट निवारण समिति सदस्य सीमा कांबोज के निवास पर पीएम के मन की बात को सुना। वहीं, मंडल अध्यक्ष शुभम राणा बूथ अध्यक्ष व मंडल महामंत्री पूजा मोंगा,शक्ति केंद्र प्रमुख सुरिंदर शर्मा, भाजपा के सम्मानित पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम ने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों में नई ऊर्जा का संचार किया है । मन की बात कार्यक्रम में जिला यमुनानगर लगातार सौ प्रतिशत सरल पोर्टल पर अपलोड कर रहा है। जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने जगाधरी विस के मंडल छछरौली के गांव छछरौली में बूथ नंबर 100 पर कार्यक्रम सुना।



**यमुनानग।** एक बूथ पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनते हुए भाजपा कार्यकर्ता व नेतागण। फोटो : हरिभूमि

#### मंत्री ने सुना कार्यक्रम

यमुनानगर विधानसभा सोशल मीडिया सह संयोजक अमित अग्रवाल ने बूथ नम्बर 95 पर बूथ कार्यकर्ताओं के साथ प्रतापनगर में अशोक चौधरी बहादुरपुर व मुदित बंसल प्रतापनगर ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ व भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामपाल सिंह ने बूथ नम्बर 225 जिला कार्यकारिणी सदस्य कल्याण सिंह ने बूथ नम्बर 92 भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रीति जौहर ने अपने अपने बूथों पर पीएम मोदी की बात कार्यकर्ताओं के साथ सुनी। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी रादौर विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओ के साथ पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

# पुस्तक प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र बन रही ऐतिहासिक महत्व की किताबें

### रादौर के तहसीलदार ने आयोजकों को दी शाबासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में चल रही पुस्तक प्रदर्शनी में दिनों दिन पुस्तक प्रेमियों की भीड़ बढ़ रही है। प्रदर्शनी का आयोजन कॉलेज प्रशासन द्वारा ज्ञानवर्धन और पठन पाठन संस्कृति को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। रादौर के तहसीलदार अशोक कुमार ने आज प्रदर्शनी में पहुंचकर अवलोकन किया और आयोजकों की प्रशंसा की। मौके पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. माला शर्मा मौजूद रही।

प्राचार्या माला शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों से संबंधित महत्वपूर्ण पुस्तकों का समृद्ध संग्रह प्रस्तुत किया गया है। गायत्री परिवार ट्रस्ट हरिद्वार तथा भारत पब्लिकेशन यमुनानगर द्वारा साहित्य, मोटिवेशनल, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित, सामान्य ज्ञान, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, इंग्लिश कम्युनिकेशन स्किल्स तथा विश्व प्रसिद्ध लेखकों की पुस्तकें प्रदर्शित की गई हैं। इसके अलावा क्लासिकल ग्रंथों जैसे चारों वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, श्रीमद्भागवत गीता और ऐतिहासिक महत्व की पुस्तकें भी प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र बनीं। यह संग्रह किसी भी पुस्तकालय की गरिमा और शैक्षणिक समृद्धि को दर्शाता है। प्राचार्या डॉ. माला शर्मा ने कहा कि पुस्तक प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को लाइब्रेरी में उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों से अवगत कराना है। यदि विद्यार्थी इन संसाधनों का सही उपयोग करें तो वे अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में अवश्य सफल होंगे।



**यमुनानगर।** मुकंदलाल कॉलेज रादौर में चल रही पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए तहसीलदार अशोक कुमार व अन्य।

# गणपति उत्सव में भजनों पर झूमें श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में विभिन्न स्थानों पर चल रहे गणपति उत्सवों में दिनों-दिन श्रद्धालुओं की आस्था बढ़ती जा रही है। गणपति उत्सव के पांचवे दिन रविवार को भी जगह-जगह चल रहे गणपति उत्सव समारोहों में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालु भगवान गणपति के भजनों पर जमकर झूमें।

गणेशोत्सव के पांचवे दिन रविवार को सुबह जहां गणपति उत्सवों में श्रद्धालुओं ने भगवान गणपति की आरती की, वहीं, शाम को मॉडल टाऊन के शक्ति नगर स्थित न्यू पार्क परिसर में चल रहे गणपति उत्सव, रामपुरा, हमीदा, विष्णुनगर, न्यू मार्किट, यमुना गली, जगाधरी, छोटी लाईन समेत अन्य स्थानों पर भगवान गणपति की मूर्तियों के समक्ष श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन का आयोजन किया। मौके पर श्रद्धालुओं ने गणपति वंदना के साथ-साथ राधाकृष्ण के भजनों पर झूम कर भक्तिभाव दर्शाया। जगाधरी में चल रहे गणेश उत्सव में भजन गायकों द्वारा गणपति जी के साथ-साथ भोलेनाथ, कृष्ण जी, सांई बाबा जी के भजनों को प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। मौके पर श्रद्धालु गोबिंद, श्रीपाल, मनोज कुमार व सतीश आदि ने बताया कि गणपति जी की असीम कृपा से वह हर वर्ष गणपति उत्सव मनाते आ रहे हैं।



**यमुनानगर।** न्यू पार्क ग्राउंड पार्क में आयोजित गणेश उत्सव में भगवान गणेश के भजनों पर झूमते हुए श्रद्धालु।

#### छप्पन प्रकार का लगाया भोग

शहर के मॉडल टाऊन स्थित न्यू पार्क ग्राउंड पार्क में श्रद्धालुओं द्वारा आयोजित गणपति उत्सव समारोह में रविवार को भगवान गणेश को छप्पन प्रकार का भोग लगाया। मौके पर श्रद्धालुओं ने गणेश भगवान के भजनों पर झूमकर खूब आनंद मनाया।

## ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल में कार्यक्रम

# विद्यार्थी को जीवन की सही कलाओं का ज्ञान होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में अध्यापकों के लिए विषय विशेष क्षमता वृद्धि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न 41 स्कूलों के 62 शारीरिक शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में अंबाला से श्वेता व झांसा से आशीष आनंद ने भाग लिया। मुख्य वक्ता श्वेता ने कहा कि शिक्षक जीवन को जिस तरह जीता है। वही तरीका अधिकतम रूप से बच्चों में स्थानांतरित होता है। क्योंकि यह भी एक प्रकार की ऊर्जा है जो एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्थानांतरित की जा सकती है। वर्तमान के प्रतियोगिता भरे युग में विद्यार्थी को जीवन की सही कलाओं का ज्ञान होना आवश्यक हैए ताकि वो इस भीड़ में भी खुद को स्थापित कर सके। वहीं दूसरे मुख्य वक्ता आशीष आनंद ने शिक्षकों को समझाया कि वर्तमान युग में किसी भी कक्षा में बच्चों को पढ़ाना पुराने समय जैसा नहीं रहा है। इसलिए बच्चों को गतिविधियों में शामिल करके उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व है। जिससे एक इंसान न केवल हर दिन सीखता है।



**यमुनानगर** । ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में में संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता।

#### मुख्य वक्ताओं को किया सम्मानित

*जिसमें शिक्षकों को शारीरिक शिक्षा विषय का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार अद्यतन करना रहा। ताकि वो उन परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाकर आने वाली पीढ़ी को उचित प्रकार से तैयार कर सके। मौके पर एचआर मैनेजर अमित सिंघल ने स्कूल की ओर से मुख्य वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।*

## भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा

# पीएम के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रुप में मनाएगी भाजपाः सपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी यमुनानगर द्वारा प्रधानमंत्री के जन्मदिन को 17 सितंबर से लेकर दो अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा के रुप में मनाएगी। उक्त जानकारी भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने पार्टी के जिला कार्यालय यमुना कमल में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए दी।



जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में होने वाले सेवा के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपालक्ष्य में 17 सितंबर से लेकर 2 अक्तूबर तक जिला यमुनानगर में सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस पखवाड़े में भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न सेवा कार्य करेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि बैठक में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत किए जाने वाले सेवा कार्यों के लिए जिलास्तर व मंडल स्तर की टीम बनाई गई हैं। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सेवा कार्यों में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम, पेंटिंग प्रतियोगिता, मैराथन दौड़ प्रतियोगिताएं, आत्मनिर्भर भारत, दिव्यांग सम्मान समारोह, हरियाणा सरकार व केंद्र सरकार की उपलब्धियों की प्रदर्शनी, महात्मा गांधी जयंती व पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## गुरु नानक खालसा कॉलेज में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन

# एकल नृत्य में लक्ष्मी ने प्राप्त किया प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में संस्थान की सांस्कृतिक समिति द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के निर्देशानुशार प्रतिभा खोज-2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके व कालेज गान के साथ किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में कालेज की प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने भाग लिया। जिनका सांस्कृतिक समिति के मुखी एवं समन्वयक डॉ. तिलक राज ने स्वागत किया। कॉलेज की सांस्कृतिक समिति के मुखी एवं समन्वयक डॉ. तिलक राज ने बताया कि प्रतिभा खोज कार्यक्रम में आयोजित एकल नृत्य में लक्ष्मी ने प्रथम, अनुज ने द्वितीय व शिवम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, समूह नृत्य में अर्शदीप ग्रुप प्रथम, कमलदीप व गुरनीत ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गायन वर्ग में शिवम राणा ने प्रथम, ब्रह्मजोत ने द्वितीय व तरनजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




#### विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी।

*कार्यक्रम समन्वयक डॉ. तिलक राज और सह समन्वयक डॉ. पायल लांबा ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी। मंच संचालन प्रो. शिव, डॉ. नेहा व प्रो. मनीषा ने किया। इस अवसर पर डॉ. अशोक खुराना, डॉ. प्रीतम सिंह विर्क, डॉ. साहिब सिंह, डॉ. इकबाल, डॉ.बलजीत सिंह, डॉ. हेमंत मिश्रा, डॉ. कैथरीन, डॉ. संजय विज, डॉ. राजिंदर सिंह वोहरा, डॉ. ज्ञान भूषण, डॉ. नीलम बहल, डॉ. अनुराग, डॉ. नीना पुरी व डॉ. अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।*

## नगर खेड़ों पर हवन और भंडारों का आयोजन

# रादौर क्षेत्र के कई गांवों में मनाया नगर खेड़ा दिवस

### भंडारों में हजारों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहम

- श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि व सुख शांति की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर क्षेत्र के गांव सुढ़ैल, रतनगढ़ माजरा, फतेगहगढ़, बपौली व बकाना समेत कई गांवो में रविवार को नगर खेड़ा दिवस मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने अपने गांव के नगर खेड़ों पर सुबह के वक्त हवन यज्ञ व नगर परिक्रमा का आयोजन किया। दोपहर के समय भंडारों का आयोजन किया गया।

बापौली निवासी बापौली निवासी कृष्ण, सुरेश सांगवान व रतनगढ़ माजरा निवासी फूल सिंह, अनिल कुमार कश्यप, शीलू, फूल सिंह, अनिल कुमार कश्यप, साहब सिंह पंच, नरेश कुमार पंच, रणबीर पंच, नाथीराम काम्बोज, रजनीश कांबोज, जसविंदर कंबोज, जसविंदर कंबोज व संदीप कुमार कश्यप आदि श्रद्धालुओं ने बताया कि उनके गांवों के नगर खेड़े पर सुबह के वक्त हवन यज्ञ किया गया। जिसमें गणमान्य ने आहुतियां अर्पित कर अपने अपने क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि व सुख शांति की कामना की। इसके बाद सभी गांवों में नगर परिक्रमा का आयोजन किया गया।



**यमुनानगर** । गांव रतनगढ़ माजरा में नगर खेड़ा दिवस के अवसर पर आयोजित भंडारा में प्रसाद ग्रहण करते ग्रामीण।

#### बढ़ता है भाईचारा

उन्होंने बताया कि हर वर्ष नगर खेड़ों पर इस माह में वार्षिक भंडारों का आयोजन किया जाता है। जिसमें सभी ग्रामीण सहयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि भंडारों में प्रसाद ग्रहण करने से भाइचारा की भावना को बल मिलता है।जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने परिक्रमाओं में भाग लिया। इसके बाद दोपहर के समय सभी नगर खेड़ों पर भंडारों का आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप

### सफाई कर्मचारियों के लिए लगाया चिकित्सा शिविर

**पिहोवा।** पिहोवा प्रवर चिकित्सा अधिकारी डा. मनीषा सिंह के मार्गदर्शन में नगर पालिका पिहोवा के सभी सफाई कर्मचारियों के लिए विषेश तौर पर हैल्थ जाँच कैम्प आयोजित किया गया। इस कैम्प में स्वास्थ्य टीम द्वारा सफाई कर्मचारियों का एचबी, शूगर, सीवाईटीबी टेस्ट, हाईट, वजन, चेस्ट एक्स-रे आदि किया गया। इस मौके पर नगर पालिका के 37 सफाई कर्मचारियों का चैकअप किया गया। जिस भी कर्मचारी को दिक्कत पाई गयी उन्हें एसडीसीएच पिहोवा में रेफर कर दिया गया ताकि कर्मचारियों की अच्छी से जांच हो सके।

### विभिन्न खेल गतिविधियों का किया आयोजन

**पिहोवा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पिहोवा के प्रांगण में उद्यमिता पखवाड़ा महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगताओं एवं खेलकूद का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संस्थान के अनुदेशक विजेंदर सिंह ने बताया कि संस्थान में प्रतियोगिताओं के आयोजन का उद्देश्य प्रशिक्षुओं में उद्यमिता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ साथ उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना तथा नव विचार की सोच विकसित करना है।

### गणेश प्रतिमा का किया विसर्जन

**शाहबाद।** गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में नगर के हर हिस्से में नगर वासियों ने भगवान गणेश जी का स्वरूप स्थापित किया हुआ है। प्रतिदिन सुबह और शाम भगवान गणेश जी की आरती और भोग लगाया जाता है। शाम को महिलाएं और पुरुष भगवान गणेश जी का संकीर्तन करते हैं। पूरे नगर में गणेश जी को लड्डुओं का प्रसाद लगाया जाता है। गणेश जी को स्थापित किए हुए 5 दिन हो गए हैं इसी उपलक्ष में आज कुछ समाजसेवियों ने गणेश विसर्जन का कार्यक्रम शुरू कर दिया है।

### ओंकार महायज्ञ में डाली आहुतियां

**कुरुक्षेत्र।** गांव शांति नगर कुरड़ी में स्थित सदगुरुदेव स्वामी श्री शक्ति देव जी महाराज कुरड़ी वाले के जनक पिता एवं जननी माता के समाधि मंदिर पर स्थापित श्रीराधा-कृष्ण मन्दिर में गुरु-जनक पिता ब्रह्मस्वरूप श्री बाबू राम जी की पुण्यतिथि व राधा-अष्टमी महापर्व विशाल भण्डारे के साथ बडी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाधि मंदिर में स्थित जनक पिता श्री जी एवं जननी माता श्री जी की समाधि मंदिर को फूलों से सजाता गया।

### दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम में सत्संग आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** अमीन रोड़ 7 सी स्थित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम में मासिक सत्संग समागम का भव्य आयोजन किया गया। जिसके दौरान दिव्य गुरु श्रीआशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी सुश्री गौरी भारती जी ने कुछ गूढ़ आध्यात्मिक सूत्रों को उजागर करते हुए कहा कि आध्यात्म एवं भक्ति जैसा विशाल क्षेत्र बिना गुरु के पार करना असंभव है। संसार में हम छोटे से छोटा कार्य भी करते हैं तो उसके लिए भी सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का चुनाव क्या किया जाता है।

## सीएम सैनी ने श्रमदान के उपरांत मेरा कुरुक्षेत्र मेरा अभिमान पोर्टल किया लांच

# शहरवासी सफाई कर पोर्टल से पा सकेंगे स्वच्छता में सहभागिता का प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अब शहरवासी सफाई कर पोर्टल पर फोटो अपलोड करते ही स्वच्छता अभियान में सहभागिता का प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे। सरकार ने प्रदेश में 11 सप्ताह का हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान चलाया हुआ है। जिसे जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र में आगे बढ़ाते हुए मेरा कुरुक्षेत्र मेरा अभिमान बनाकर चलाया है। उन्होंने शहरवासी को आह्वान किया कि इस अभियान में सरकार व प्रशासन का सहयोग करते हुए स्वच्छता के बाद मेरा कुरुक्षेत्र मेरा अभिमान एप पर अपलोड करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को ब्रह्मसरोवर के दक्षिणी द्वार पर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते हुए श्रमदान किया। नगर परिषद कुरुक्षेत्र द्वारा मौके पर बनाए सेल्फी प्वाइंट पर जाकर सेल्फी ली।



कुरुक्षेत्र। पोर्टल से श्रमदान पर मुख्यमंत्री को सहभागिता प्रमाण पत्र सौंपते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### सहभागिता प्रमाण पत्र सौंपा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मेरा कुरुक्षेत्र मेरा अभिमान पोर्टल को लॉच किया। साथ ही मुख्यमंत्री को जिला प्रशासन ने पोर्टल से श्रमदान पर सहभागिता प्रमाण पत्र सौंपा। अहम पहलू यह है कि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के विशेष मार्गदर्शन में एसडीएम पिहोवा अभिनव सिवाच, डीएमसी अमन कुमार और एनआईसी के अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत से बहुत कम समय में स्वच्छ कुरुक्षेत्र मेरा कुरुक्षेत्र मेरा अभिमान वेबसाइट को तैयार किया गया।

### अधिकारियों को दी बधाई




मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तमाम अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस एप का उद्देश्य सांस्कृतिक और खेल के क्षेत्र में जिले को आगे बढ़ाने के कदम से एक नागरिक सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं। 17 सितंबर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा शुरू किया जाएगा। जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के बारे में जानकारी हासिल कर सकेंगे और उनमें हिस्सा भी ले सकेंगे। सभी नागरिकों के योगदान से कुरुक्षेत्र को एक बेहतरीन जिला बनाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को जिला प्रशासन से मान्यता मिलेगी और उन्हें धरातल पर साकार करने का मौका मिलेगा। साथ उन्हें पोर्टल पर प्रदर्शित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र वासी इस पोर्टल पर स्वच्छता से जुड़ी फोटो को अपलोड कर सकेंगे और स्वच्छता में सहभागी प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे।

## पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा की राज्यस्तरीय बैठक का आयोजन

# 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर उपवास रखने का लिया निर्णय

**हरियाणा के कर्मचारी 25 नवंबर को दिल्ली कूच करेंगे**

मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम सौंपा मांगों का ज्ञापन



**कुरुक्षेत्र।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति, हरियाणा की राज्यस्तरीय बैठक आज कुरुक्षेत्र में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के शुरू में राज्याध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल ने बाबा साहब अम्बेडकर व शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। बैठक की अध्यक्षता समिति के राज्याध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल ने की तथा मंच का संचालन राज्य महासचिव ऋषि नैन द्वारा किया। सर्व प्रथम जिला कुरुक्षेत्र प्रधान नरेश फूले ने कार्यकारिणी के साथ राज्यप्रधान व समस्त राज्य टीम को पुष्प मालाओं से स्वागत किया साथ ही विभिन्न जिलों से आए जिला प्रधान व कार्यकारिणी का स्वागत किया। बैठक में समस्त राज्य कार्यकारिणी एवं जिला कार्यकारिणी सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

### जल्द समाधान का दिया आश्वासन

हरियाणा के समस्त कर्मचारी 25 नवंबर को दिल्ली कूच करेंगे। 5 सितंबर (शिक्षक दिवस) पर उपवास रखा जाएगा। सभी जिलों में संगठन की मजबूती और जागरूकता को लेकर बैठकें आयोजित होंगी। इस अवसर पर राज्याध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल ने कहा कि यूपीएस और एनपीएस दोनों ही कर्मचारी विरोधी योजनाएँ हैं। बैठक के उपरांत समिति के प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उनके कार्यालय सचिव कैलाश सैनी को सौंपा। इस अवसर पर कैलाश सैनी ने आश्वासन दिया कि पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मण्डल की आदरणीय मुख्यमंत्री से शीघ्र ही बैठक करवाई जाएगी। इस अवसर पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य अनूप कुमार आदि माजूद रहे।

# राधाष्टमी और श्रीकृपा बिहारी जी का वार्षिक पाटोत्सव धूमधाम से मनाया

- भजनों से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गीता ज्ञान संस्थानम में राधाष्टमी तथा श्री कृपा बिहारी जी का वार्षिक पाटोत्सव गीता मनीषी श्रीस्वामी ज्ञानानंद महाराज के सानिध्य में श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लिया और राधा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। राधा जी को पालने में झुलाया गया। लाड़ली जी का अभिषेक किया गया और गीता पाठ भी किया गया। राधा और कृष्ण भाव के भजनों से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया।



कुरुक्षेत्र। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी राधाष्टमी पर्व पर श्री कृपा बिहारी जी की युगल जोड़ी को निहारते हुए।

### राधा भाव के भजनों पर झूमीं महिलाएं

राधा भाव के भजनों पर श्रद्धालु विशेष कर महिलाएं जमकर झूमें। श्रद्धालुओं ने श्री कृपा बिहारी जी के दर्शन किये और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि राधा करुणा और निष्काम प्रेम का अवतार है। भाद्रपद का महीना बड़ा ही पवित्र महीना है। जहां कृष्ण पक्ष की अष्टमी को भगवान श्री कृष्ण का अवतार हुआ, वहीं शुक्ल पक्ष की अष्टमी को राधा जी का अवतरण हुआ। राधा करुणामयीसरकार दिव्य प्रेम का स्वरूप है। इसीलिए ब्रज में राधा नाम से ब्रजधरा को प्रेम धरा कहा जाता है।

### राजकीय स्कूल अढोन में 112 बच्चों को बैग व स्टेशनरी की वितरित

**कुरुक्षेत्र।** शिक्षा को प्रोत्साहित करने और विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रुचि जागृत करने के उद्देश्य से निष्काम सेवा अभियान के तहत सतयुग दर्शन चेरिटेबल ट्रस्ट कुरुक्षेत्र की ओर से राजकीय स्कूल अढोन में 112 विद्यार्थियों को स्कूल बैग व स्टेशनरी वितरित किए गए। स्कूल के हैड मास्टर सतीश कुमार ने कहा कि इस तरह की पहल बच्चों के लिए प्रेरणादायक होती है। हैड मास्टर सतीश कुमार व स्कूल के शिक्षकों ने कहा कि ऐसे प्रयास विद्यार्थियों में उत्साह और पढ़ाई के प्रति लगन बढ़ाते हैं। गांव के सरपंच संजीव कुमार ने इस कार्य के लिए सतयुग दर्शन चेरिटेबल ट्रस्ट की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे अवश्य ही बच्चों में पढ़ाई को लेकर उत्साह बढ़ेगा। ट्रस्ट के सदस्य एचसी मुंजाल ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जरूरतमंद बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु ऐसे कार्य नियमित रूप से किए जाने चाहिए।

# कलाकारों ने नाटक कालचक्र में दिखाया बुजुर्गों का दर्द

तड़पते मां-बाप की तड़प से रुबरु करवा गया नाटक कालचक्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा कला परिषद द्वारा शनिवार को कला कीर्ति भवन मे आयोजित सांस्कृतिक संध्या में नाटक कालचक्र का मंचन किया गया। कला सृष्टि मंच कुरुक्षेत्र के कलाकारों द्वारा वरिष्ठ रंगकर्मी बृज शर्मा के लेखन व निर्देशन में मंचित नाटक कालचक्र में बुजुर्ग माता-पिता की तड़प तथा अकेलेपन को दिखाने का प्रयास किया गया। इस मौके पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विरेंद्र पाल बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी व प्रेरणा संस्थान के संरक्षक डॉ. जयभगवान सिंगला ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पैनोरमा के निदेशक डा. सुरेश सोनी उपस्थित रहे। मंच का संचालन विकास शर्मा द्वारा किया गया।



कुरुक्षेत्र। नाटक में प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### बुजुर्गों की अनदेखी के खिलाफ किया जागरूक

नाटक कालचक्र एक बुजुर्ग दम्पति धनपत और लीला के अकेलेपन की कहानी को दर्शाता है। नाटक बुजुर्ग के तिरस्कार और अनदेखी के खिलाफ लोगों को जागरुक करने का संदेश देता है। नाटक में धनपत का किरदार स्वयं बृज शर्मा ने निभाया। वहीं लीला की भूमिका रेणू खुग्गर ने अदा की। अन्य भूमिकाओं में जय भगवान सिंगला, दीपक कौशिक, नीरज आश्री, अन्नपूर्णा शर्मा, आशी क्षेत्रपाल, दीपक शर्मा, सत्यभूषण, साक्षी गौतम, सुरेखा, आशा सिंगला, शालिनी शर्मा, सुदेश मदान, नमिता, संजीव छाबड़ा, शशी अहलावादी, जयश्री, मानिनी सेतिया, भावना आदि ने सहयोग दिया।



### किड्स डीपीएस स्कूल प्री-नर्सरी से द्वितीय के विद्यार्थियों के लिए लगाया हेल्थ चेकअप कैंप

**कुरुक्षेत्र।** किड्स डीपीएस स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में आज कक्षा प्री-नर्सरी से द्वितीय के विद्यार्थियों के लिए हैल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया गया जिसमें डॉ तनुज अग्रवाल (किलकारी चाइल्ड केयर) ने बच्चों की जांच की और उनके अभिभावकों को परामर्श दिया।4 घंटे चले कैंप में स्कूल के 103 बच्चों की जांच की गई और स्वस्थ रहने के उपाय बताए गए। प्रधानाचार्या साक्षी गाबा ने बताया कि प्रत्येक बच्चे का हेल्थ रिपोर्ट कार्ड तैयार कर उन्हें दिया गया है। साथ ही बच्चों के वजन व उनकी लंबाई भी मापी गई। डॉक्टर तनुज अग्रवाल ने बच्चों के अभिभावकों को बताया कि बदलते मौसम में बीमारियों से बचने के लिए, साफ-सफाई रखें, हाथों को बार-बार धोएं, उबला या शुद्ध पानी पिएं, और बाहर के जमे हुए पानी को हटाकर मच्छरों को पनपने से रोकें। स्वस्थ भोजन करें, जिसमें फल, सब्जियां, हल्दी, अदरक आदि को भोजन में शामिल करें।बरसात के मौसम में बढ़ी हुई नमी और तापमान में बदलाव इम्यून सिस्टम को कमजोर कर सकता है, जिससे शरीर संक्रमण के प्रति संवेदनशील हो जाता है। इन लक्षणों से निपटने के लिए उन्होंने सुझाव भी दिए। उन्होंने बच्चों को बताया कि हल्दी वाला दूध, जिसे 'गोल्डन मिल्क' के नाम से भी जाना जाता है, मानसून की बीमारियों के लिए एक शक्तिशाली उपाय है।

# छात्रों ने अपनी ओजस्वी वाणी से किया मंत्रमुग्ध

गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र में विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति-कला, तर्कशक्ति तथा आत्मविश्वास को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से एक भव्य अन्तर्सदन तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में संपन्न हुई, जिसमें विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी ओजस्वी वाणी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता का स्वरूप अत्यंत रोचक रहा। प्रत्येक प्रतिभागी ने पर्ची में लिखे विषय का चयन कर तत्क्षण उस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विषय-सूची में अनुशासन से सफलता, मोबाइल फोन वरदान या अभिशाप, नैतिक मूल्य महान जीवन की नींव, शिक्षा एवं खेल में संतुलन, पर्यावरण संरक्षण में छात्रों की भूमिका इत्यादि जीवनोपयोगी एवं प्रेरणादायी शीर्षक सम्मिलित थे।




### तात्कालिक भाषण भाषा-कौशल के साथ व्यक्तित्व निर्माण भी करता है : प्राचार्य

छात्रों ने अपने प्रभावी अभिव्यक्तित्व, स्पष्ट चिंतन और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों को गहन रूप से प्रभावित किया। उनका उत्साह, वाक्पटुता एवं विषय पर पकड़ यह प्रमाणित कर रही थी कि भविष्य में वे समाज को दिशा देने वाले उत्कृष्ट वक्ता और सशक्त नेता बन सकते हैं। विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह ने सभी प्रतिभागियों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि तात्कालिक भाषण न केवल भाषा-कौशल का विकास करता है, अपितु व्यक्तित्व निर्माण भी करता है।



कुरुक्षेत्र। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी कर अवकोलन करती प्राचार्या।

### मूर्तिकला में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का किया शानदार प्रदर्शन

कुरुक्षेत्र। विद्या भारती हरियाणा व हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अमीन रोड कुरूक्षेत्र में विद्यालय स्तरीय गणित एवं विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा गणितीय चिंतन को विकसित करना था। प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने-अपने मॉडल प्रस्तुत किए। गणित के विभाग में विद्यार्थियों ने त्रिकोणमिति, बीजगणित, क्षेत्रफल, गणितीय खेलों, नवाचारित तथा ज्यामिति पर आधारित आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। वहीं विज्ञान के खंड में विद्यार्थियों ने सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, विद्युत सर्किट, रोबोटिक्स, पर्यावरण संरक्षण और नवाचार से संबंधित मॉडल प्रदर्शित किए।

# मां भद्रकाली शक्तिपीठ में आश्विन नवरात्रों को लेकर मीटिंग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर कुरूक्षेत्र में आगामी आश्विन नवरात्रों की तैयारियों को लेकर सेवक मंडल के सदस्यों की विशेष मीटिंग की गई। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया की इस बार महाशक्ति की महापूजा का महापर्व शक्ति महोत्सव 22 सितंबर से प्रारंभ होगा और 7 अक्तूबर को सम्पन्न होगा। पीठाध्यक्ष ने आगे बताया कि मुख्य कार्यक्रम 22 से 30 सितम्बर होंगे जिसमें 22 सितम्बर, प्रथम नवरात्र सोमवार को ध्वजारोहण के बाद दोपहर 1 बजे माँ भद्रकाली जी की भव्य शोभायात्रा माँ की पावन पवित्र ज्योति के साथ प्रारंभ होगी और सांय 6 बजे नगर परिक्रमा करके



महाआरती के साथ ज्योति प्रतिस्थापना होगी। पीठाध्यक्ष ने यह भी बताया कि भजन संध्या 22 सितम्बर, सोमवार, प्रथम नवरात्र से 29 सितम्बर (सप्तमी) सोमवार तक प्रतिदिन शाम 4 से 7 बजे होगी। महाआरती प्रतिदिन सांय 7 बजे 505 ज्योतों से होगी । मंगला आरती प्रतिदिन प्रातः 6 बजे होगी । 29 सितम्बर, महासप्तमी को प्रातः 10 बजे मनोकामना पूर्ण हवन यज्ञ होगा। 30 सितम्बर, मंगलवार को श्री दुर्गाष्टमी जागरण होगा।

**स्वास्थ्य** | डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने गांव शादीपुर में फ्री मेडिकल कैंप लगाया

# खुद को रोगों से बचाने के लिए अपने शरीर को दिन में एक घंटा देना जरुरी : डॉ हिमांशु

रोगियों को चेकअप, के बाद नि:शुल्क दवाइया दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा गांव शादीपुर में फ्री मेडिकल कैंप लगाया गया। अस्पताल के एम.डी. एवं प्रसिद्ध ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन ने कहा कि न्यूरोलोजी संबंधी बीमारियों में आमतौर पर बोलने में अंतर का आना, शारीरिक असंतुलन, शरीर में अकड़न, कमजोरी, याददाश्त में कमी, उठने, बैठने चलने में परेशानी, शरीर में कंपन, मांसपेशियों का कठोर होना निगलने में कठिनाई आदि लक्षण पाए जाते हैं।




कुरुक्षेत्र। कैंप में रोगियों का चेकअप करते चिकित्सक।

### बिमारियों से बचाव पर प्रकाश डाला

तंत्रिका विकार या न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर आमतौर पर नर्वस सिस्टम को प्रभावित करने वाले वायरल, जीवाणु, कवक और परजीवी संक्रमण के कारण होते हैं। नर्वस सिस्टम की बीमारियों में अल्जाइमर रोग, डिमेंशिया, मिर्गी, सेरेब्रोवास्कुलर बीमारियां जैसे माइग्रेन, स्ट्रोक और सिरदर्द इत्यादि होने की संभावना होती है। उन्होंने इनसे बचाव व उपचार पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हम सभी को चौबीस घंटे में से एक घंटा शरीर के लिए जरूर निकाल कर व्यायाम, प्राणायाम, योग, सैर इत्यादि को अपनाना चाहिए।

### 106 रोगियों का किया चेकअप

डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस 2027वें कैंप में 106 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई। सरपंच चेतन कुमार ने डॉ हिमांशु जैन, डॉ संजय शर्मा आयुर्वेद विशेषज्ञ, डॉ शालू व डॉ प्रीति का अभिनन्दन करते हुए कहा कि डॉ. हिमांशु जैन एवं उनकी टीम का गांव में आकर सेवा देना हमारे लिए गौरव की बात है। ग्रामीणों को घर द्वार पर विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना सराहनीय व अनुकरणीय पहल है। हम आशा करते हैं कि यह सिलसिला भविष्य में भी निरंतर चलता रहेगा। इस दौरान प्रभात कुमार, वीरेंद्र कुमार, मोनिका कोऑर्डिनेटर जी.एन.एम., अंजू, आशीष, बाछल, अजय, कविता, कुलदीप, रामदिया, ममता, अनु, कुसुम, संतोष पंच, मोनिका पंच, सतपाल इत्यादि ने सराहनीय योगदान दिया।

**खबर संक्षेप**



**अंबाला।** बरसात से प्रभावित इलाकों का दौरा करते हुए विधायक पूजा चौधरी।

### बरसाती पानी की निकास का प्रबंध नहीं कर पाई सरकार

**बराड़ा।** मुलाना की विधायक पूजा चौधरी ने रविवार को क्षेत्र के गोला, मुलाना और बराड़ा सहित बरसात से प्रभावित गांवों का दौरा किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि भारी बारिश के चलते क्षेत्र में जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। बार-बार सरकार को आगाह करने के बावजूद पानी निकासी के लिए कोई पुख्ता प्रबंध नहीं किए गए। इसके चलते आमजन और किसान वर्ग को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। विधायक पूजा ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में हुई मूसलाधार बारिश के कारण मारकंडा, बेगना और टांगरी नदी में जलस्तर बढ़ गया है, जिससे इन नदियों के साथ लगते गांवों में बाढ़ की स्थिति बन गई। कई घरों में पानी घुस गया है। जल जनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

### एलुमनी शैक्षणिक संस्थान की अमूल्य धरोहर

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि एलुमनी शैक्षणिक संस्थान की अमूल्य धरोहर होते हैं जो संस्थान के चहुंमुखी विकास में निरन्तर योगदान करते हैं। पूर्व छात्र शैक्षणिक संस्थान के उत्थान एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। वे रविवार को पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग की ओर से सीनेट हॉल में आयोजित द्वितीय एलुमनाई मीट में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

### पारिवारिक एकता से करें राष्ट्र निर्माण के कार्य

**कुरुक्षेत्र।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और सामाजिक न्याय एवं अधिकारी का मंत्रालय भारत सरकार में सदस्य रहे सूरज भान कटारिया केडीबी रोड स्थित कुरुक्षेत्र प्रतिष्ठान में गुरु रविदास साधु सांप्रदायिक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष परम संत निर्मल दास ने पत्रकारों एवं सामाजिक, जन प्रतिनिधियों, जन सेवकों तथा अपने गुरू अनुयाइयों से कहां है कि वे सनातन में रहकर अपनी पारिवारिक एकता से समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान करें, उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें भारतीय संविधान के माध्यम से बराबरी की शक्तियां दी हैं जिसकी बदौलत हम सभी के जीवन में बदलाव आया है।

### तालमेल कमेटी की संयोजक बनी रानी देवी

**कुरुक्षेत्र।** सीटू का जिला सम्मेलन रविदास धर्मशाला कुरूक्षेत्र मे सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता रानी देवी ने की व संचालन अनिल कुमार ने किया। सम्मेलन का उद्घाटन सीटू हरियाणा के नेता जय प्रकाश शास्त्री ने संबोधित करते हुए बताया कि वर्तमान में बैठी बीजेपी की सरकार मजदूर वर्ग के हकों पर डाका डालना चाहती है।

## शिविर में 103 युवाओं ने किया रक्तदान

- संत निरंकारी मिशन की ओर से आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला**

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि संत निरंकारी मिशन एक ऐसा मिशन है जिसने पर सेवा को ही सेवा माना है। सबसे बड़ा धर्म मानवता की सेवा हैं। जिसमें कोई जाति, धर्म नहीं देखा जाता। संत निरंकारी मिशन समाज सेवा क्षेत्रों में अग्रणीय कार्य कर रहा हैं। यह अभिव्यक्ति उन्होनें अंबाला शहर स्थित संत निरंकारी मिशन में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि कही। इससे पहले यहां पहुंचने पर संत निरंकारी मिशन ब्रांच के इंचार्ज बाबा ज्ञान सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। गोयल ने संत निरंकारी मिशन द्वारा यहां पर आयोजित रक्तदान शिविर लगाए जाने के लिए मिशन के सभी साधकों को बधाई देते हुए



**अंबाला।** रक्तदान करने वाले युवाओं का हौसला बढ़ाते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल व अन्य।

कहा कि संत निरंकारी मिशन हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन करता है। इसके साथ-साथ संस्था मैडिकल कैंप, स्वच्छता अभियान एवं अन्य सामाजिक कार्यो में इनकी अग्रणीय भूमिका रहती है। समाज सेवा के लिए मिशन द्वारा जो कार्य किए जा रहें है वह काफी सराहनीय है। उन्होंने इस मौके पर रक्तदान करने वाले रक्त वीरों को भी प्रोत्साहित किया और कहा कि अन्य लोगों को भी इस कार्य में आगे आना चाहिए। पूर्व राज्यमंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। रक्त की पूर्ति 24 घंटे में हो जाती है, इसलिए एक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करके हम घटना में घायल अमूल्यों जिंदगियों को बचा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रक्त की पूर्ति केवल मानव शरीर से ही सम्भव हैं। संत निरंकारी मिशन के मुखी बाबा ज्ञान सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि बाबा गुरबचन सिंह की याद में पूरे देश में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में आज यहां पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों ने आगे आकर रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया है। यहां पर आयोजित रक्तदान शिविर में 103 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इसे नागरिक अस्पताल अंबाला छावनी के ब्लड बैंक टीम सौंप दिया गया।

उन्होंने इस मौके पर यह भी बताया कि संत निरंकारी मिशन का मुख्य उद्देश्य मानवता की सेवा करते हुए समाज सेवा क्षेत्र में कार्य करना है।

## 78 युवाओं ने किया रक्तदान

- चिकित्सक बोले रक्तदान से नहीं होती कोई दिक्कत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारायणगढ़**



**नारायणगढ़।** शिविर में रक्तदान करते युवा।

रविवार को स्वर्गीय बीर सिंह की याद में उनके परिवार द्वारा विश्वास फाउंडेशन पंचकूला के सहयोग से सैनी धर्मशाला में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी यूटी ने अहम भूमिका निभाई। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि इससे पहले डॉक्टरों की टीम ने रक्तदाताओं का पहले चेकअप किया। डॉक्टरों ने बताया कि रक्तदान करने से किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होती है। बल्कि रक्तदान करने से व्यक्ति को गर्व महसूस होता है। ब्लड बैंक जीएमसीएच सेक्टर 32 चंडीगढ़ से प्राचार्य डॉक्टर रवनीत कौर द्वारा नियुक्त डॉक्टर विश्वजीत सिंह की देखरेख में 78 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान की समाप्ति पर सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विश्वास फाउंडेशन से सत्य भूषण खुराना, मदन नागपाल, नीरज यादव व अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे।

## साइक्लोथॉन के जरिए युवाओं ने लगाया शहर का चक्कर

### हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल विभाग की ओर से साइक्लोथॉन का किया आयोजन

- साइक्लोथॉन के प्रतिभागियों को खेलों में बढ़चढ़ कर भाग लेने की शपथ भी दिलवाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला**

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलब्ध में रविवार को खेल विभाग द्वारा अंबाला छावनी के वार हीरोज स्टेडियम के नजदीक साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम छावनी विनेश कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने साइक्लोथॉन को झंडी दिखाकर रवाना भी किया। इससे पहले मुख्य अतिथि ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन भी किया।

कार्यक्रम में पहुंचने पर जिला खेल अधिकारी राजबीर रंगा व अन्य ने मुख्य अतिथि को पुष्प देकर उनका अभिनंदन किया। एसडीएम विनेश कुमार ने इस मौके पर साइक्लोथॉन के प्रतिभागियों को खेलों में बढ़चढ़ कर भाग लेने की शपथ भी दिलवाई। उन्होंने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद ने पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वर्ष 1936 में बर्लिन ओलंपिक में आयोजित प्रतियोगिताओं में देश की तरफ से हॉकी टीम में बतौर कप्तान की भूमिका निभाई थी। उन्होंने यह भी कहा कि हमें खेलों में भाग लेना चाहिए। खेलने से जहां शारीरिक रूप से मजबूत बनते हैं। मानसिक रूप से भी तनाव मुक्त रहते है।



**अंबाला।** हरी झंडी दिखाकर युवाओं को रवाना करते एसडीएम विनेश कुमार।

उन्होनें कहा कि खिलाड़ियों को खेल जगत में आगे ले जाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं क्रियान्वित है और खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर खेल सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं। खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा से देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहें है। उन्होंने यह भी बताया कि आज पूरे प्रदेश में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयन्ती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई जा ही हैं। कुरूक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को यह भी कहा कि हमें यहां खेलों में भाग लेना है वहीं नशे जैसी कुरीती से भी दूर रहना हैं।

### साइक्लोथॉन में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया

जिला खेल अधिकारी राजबीर रंगा ने मुख्य अतिथि स्वागत करते हुए बताया कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जयंती के उपलब्ध में 29 अगस्त से 31 अगस्त तक खेल कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज साइक्लोथॉन का आयोजन किया जिसमें 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया हैं। उन्होंने यह भी बताया कि राजीव गांधी खेल स्टेडियम अंबाला शहर में फ्रेंडली बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भी करवाया गया। जिसमें सीनियर व जूनियर प्रतिभागियों के बीच मैच करवाया गया। वार हीरोज स्टेडियम से आयोजित साइक्लोथॉन विजय रत्न चौक, ग्रेस होटल, गीता गोपाल चौक, जगाधरी रोड, जनता स्वीटस, अग्रसेन द्वार से होते हुए वार हीरोज स्टेडियम में वापिस आकर संपन्न हुई। मौके पर खेल विभाग से राम स्वरूप, पूनम शर्मा, परमजीत, अशोक के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**अंबाला।** कार्यक्रम में मंत्री अनिल विज को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी।

## समाज का ऋण उतारने के लिए जरुरतमंद लोगों की मदद करें

- मंत्री विज ने सामाजिक संस्था जेसीआई की ओर से आयोजित कार्यक्रम में की हिस्सेदारी

**हरिभूमि न्यूज. अंबाला**

उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि ''समाज से हम जाने-अनजाने में बहुत कुछ लेते हैं। समाज का हमारे ऊपर ऋण होता है। उस ऋण को उतारने के लिए हमें जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए। विज ने कहा कि ''हमें ऐसे लोगों की आवश्यकता है जो समाज के उत्थान के लिए कार्य करते है''। विज ने यह विचार अंबाला छावनी के सुभाष पार्क में जेसीआई संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जेसीआई नेक्स्टजेन लीडर्स संस्था जिले की ऐसी पहली संस्था है जो लोगों में सेवा की भावना जागृत करके आगे बढ रही है। इस मौके पर उन्होंने संस्था के विस्तार एवं अन्य गतिविधियों के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 10 लाख रुपए देने की भी घोषणा की। यहां पहुंचने पर संस्था के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिह्न देकर उनका अभिनंदन भी किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम में 90 प्रतिभागियों का पंजीकरण होना काबिले तारीफ है। संस्था की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए काबिलियत और अवसर प्राप्त होना बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि जेसीआई अगली पीढ़ी के नेता बनाने की तैयारी कर रही हैं। जिसके लिए मैं उन्हें सैल्यूट करता हूं। सेवा के क्षेत्र में कई कंपनियां बनी हुई हैं। सेवा उसी को कहते है जो निस्वार्थ करते है और यह संस्था इस कार्य को कर रही हैं। समाज के भिन्न भिन्न क्षेत्रों में जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, सफाई, पर्यावरण, जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाना शामिल हैं। सरकार तो इस क्षेत्र में कार्य कर रही है अन्य को भी इस क्षेत्र में कार्य करना चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन शहर को सुन्दर बनाने के लिए लगा दिया है, शहर के लोग नई नई ऊंचाइयों को छुए इसके लिए यहां पर अनगिनत विकास कार्यों को करवाने का काम किया है, जिसमें सुभाष पार्क भी शामिल हैं।उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि संस्था द्वारा यहां पर जो कार्यक्रम करवाया जा रहा है। वर्ष 1996 से पहले यह स्थान बहुत गंदा स्थान हुआ करता था। सारे शहर का कूड़ा करकट यहां पर गिरा करता था। गंदगी की डिग्गी होती थी।

## हताशा व निराशा से घिरी है कांग्रेसः आरजेडी

- पीएम मोदी की मां के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने पर भड़की भाजपा की महिला नेत्री, कहा माफी मांगें राहुल गांधी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला**

भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने जिला कार्यालय 'अंब कमल' में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर हमला बोला। बिहार के दरभंगा में कांग्रेस-आरजेडी के संयुक्त कार्यक्रम में कथित तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माता के खिलाफ अभद्र टिप्पणी को लेकर कटारिया ने कड़ी आलोचना की। कटारिया ने कहा हताशा और निराशा से घिरी कांग्रेस और आरजेडी के नेताओं ने सार्वजनिक मंच से



**अंबाला।** मीडिया से बातचीत करती बंतो कटारिया व अन्य।

पीएम नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत माता के खिलाफ जो अभद्र और अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया। यह न सिर्फ अक्षम्य है बल्कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की संकीर्ण मानसिकता को दिखा रहा है। ये गाली की भाषा इस देश की नहीं हो सकती न ही देश बर्दाश्त करेगा। राहुल गांधी को तुरंत माफी मांगनी चाहिए। मां का अपमान कांग्रेस की पहचान बन चुका है।" उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा समाज के हर वर्ग के सम्मान और उत्थान के लिए कार्य कर रही है जबकि राहुल गांधी जैसे नेता अपमानजनक शब्दों से जनता की भावनाओं को आहत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार 25 सितंबर से 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' की शुरुआत करने जा रही है।

## माता पद्मावती ने भगवान पार्श्वनाथ को बचाया था मेघमाली से

- एसएस जैन सभागार में आयोजित हुई एक शाम मां पद्मावती के नाम संध्या

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। मुलाना**

धनौरा स्थित एसएस जैन सभागार में विराजमान संत रत्न सेवा शिरोमणि जैन संत आलोक मुनि व वाणी भूषण युवा कर्मठ संत अमन मुनि के पावन सानिध्य में एक शाम मां पद्मावती के नाम कार्यक्रम के तहत भजन संध्या का आयोजन हुआ। इस अवसर पर धनौरा के सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र बैनिवाल व कोहलां वाला प्राचीन हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित हरिओम शर्मा ने मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम में भजन गायक दीपक जैन लुधियाना वाले ने अपनी





**मुलाना।** समारोह में मौजूद जैन संत व श्रद्धालु।

प्रस्तुति दी। उनके द्वारा गाये गए भजनों ने श्रद्धालुओं को झुकने पर मजबूर कर दिया। जैन संत अमन मुनि ने माता पद्मावती के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जैन परंपरा में पद्मावती माता 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ की यक्षिणी या शासक देवी हैं। उनका कार्य उनकी रक्षा करना और भक्तों को ज्ञान व समृद्धि प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि एक प्रमुख कहानी के अनुसार लगभग 1300 साल पहले राजा जिनदत्त पद्मावती की एक मूर्ति लेकर भागकर हुमचा पहुंचे थे। वहां उनकी इष्ट देवी स्वयं प्रकट हुई थी। उन्होंने जिनदत्त का साथ दिया था जिससे वह उस स्थान की अधिष्ठात्री देवी बन गईं और वह नगर समृद्ध हो गया। बाद में मां पद्मावती ने जिनदत्त की रक्षा की और जहां आज हुमचा प्रसिद्ध तीर्थस्थल बना हुआ है। उन्होंने बताया कि जैन परंपरा बताती है कि माता पद्मावती ने इंद्र (धरणेंद्र) के साथ मिलकर भगवान पार्श्वनाथ को परेशान करने वाले मेघमाली से बचाया था। इस घटना के बाद हुमचा एक प्रमुख जैन तीर्थस्थल बन गया था जहां पार्श्वनाथ और पद्मावती का मंदिर है।

## साइबर सिक्योरिटी ओरिएंटेशन प्रोग्राम में जटवाड़ के शिक्षकों को मिला सम्मान



**शहजादपुर।** जटवाड़ की प्रधानाचार्या को सम्मानित करते आयोजक।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। शहजादपुर**


डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की जानकारी हर व्यक्ति के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से एसएसपीपीडी शिक्षा सदन पंचकूला द्वारा अंबाला कैंट स्थित एसडी विद्या स्कूल में पांच दिवसीय राज्य स्तरीय साइबर सिक्योरिटी ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के 250 पीएम श्री विद्यालयों के 500 शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में जटवाड़ विद्यालय ने मुख्य भूमिका निभाई। जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने समापन दिवस पर कार्यक्रम की प्रशंसा की। डीपीसी ज्योति सभ्रवाल और सहायक परियोजना समन्वयक हरजिंद्र सिंह ने इस कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं जटवाड़ विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम शर्मा का विशेष आभार व्यक्त किया।

### 200 से ज्यादा लोगों ने ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय में देखी फिल्म

## ब्रह्माकुमारीज़ के इतिहास पर बनी फिल्म देखकर हिले दर्शक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला**

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय में ब्रह्माकुमारीज़ गोडलीवुड स्टूडियो माउंट आबू द्वारा निर्मित एक अद्भुत फ़िल्म भाग्य विधाता दिखाई गई। यह फिल्म न सिर्फ़ ब्रह्माकुमारीज़ के इतिहास को दर्शाती है बल्कि ब्रह्मा बाबा के दिव्य जीवन और यज्ञ के स्वर्णिम इतिहास को भावपूर्ण तरीके से जीवंत कराती है। इस फ़िल्म में बताया गया है कि ब्रह्माकुमारिज़ की स्थापना स्वयं परमपिता परमात्मा शिव ने दादा लेखराज कृपलानी को दिव्य



**अंबाला।** फिल्म देखते हुए लोग।

साक्षात्कार करा कर की। इसकी स्थापना 1936 में हैदराबाद सिंध में हुई थी। शुरुआत में इन्हें ओम मंडली के नाम से जाना जाता था। दादा लेखराज एक अनुभवी व्यवसायी थे जिन्हें दिव्य दर्शन हुए। उसके बाद उन्होंने अपना कारोबार छोड़कर एक ऐसा आध्यात्मिक विद्यालय स्थापित किया जोकि महिलाओं द्वारा संचालित दुनिया की सबसे बड़ी आध्यात्मिक संस्थाओं में से एक है। इसकी स्थापना के समय इसके विरोध में पुरुष सदस्यों की अध्यक्षता में एक समिति बनी। प्रवचनों में शामिल महिलाओं के साथ गाली-गलौज की गई। महिलाओं और लड़कियों के साथ घरेलू हिंसा की गई। 1950 में, संगठन वर्तमान स्थान माउंट आबू में स्थानांतरित हो गया। इस फिल्म में बताया गया है की किस प्रकार इस संगठन के शुरुआत में जुड़े भाई बहनों ने कितना संघर्ष किया है। इस संस्था की नींव ही सत्य व पवित्रता है। एक समय ऐसा भी था जब कुछ भाई बहनों के पास खाने को भी नहीं था लेकिन ब्रह्मा बाबा का ईश्वर पर ऐसा अटूट निश्चय था कि कहीं न कहीं से कोई विशेष मदद मिल जाती थी।

### लोग बोले, फिल्म में दिखा हर दृश्य वे स्वयं जी रहे

फिल्म देखने वाले लोगों ने कहा कि उन्हें ऐसा लगा जैसे मूवी में दिखाया गया हर दृश्य वो स्वयं जी रहे हों। जैसे वो स्वयं भी उस मूवी का हिस्सा ही हैं। दर्शकों ने कहा कि ईश्वरीय विश्वविद्यालय के इतिहास में यह मूवी बहुत बड़ा कदम है। लगभग 200 व्यक्तियों ने इस फिल्म को देखा।